भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3182

जिसका उत्तर 06.08.2026 को दिया जाना है

सड़क की जर्जर स्थिति

3182. श्री राम शिरोमणि वर्मा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश में श्रावस्ती और बलरामपुर जिलों को जोड़ने वाली उतरौला-पचपेरवा-चंदनपुर सड़क अत्यंत जर्जर स्थिति में है जिससे नेपाल सीमा की ओर जाने वाले स्थानीय नागरिकों, किसानों, व्यापारियों और यात्रियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने विगत सात वर्षों के दौरान उतरौला-पचपेरवा-चंदनपुर सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए स्थानीय संसद सदस्य द्वारा समय-समय पर उठाई गई निरंतर मांगों और पत्रों और अभ्यावेदनों पर कोई कार्रवाई की है;

(ग) यदि हां, तो की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है और तत्संबंधी वर्तमान स्थिति क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार का उक्त सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने और आवश्यक निधियां प्रदान करने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और स्वीकृति और आवश्यक निधि कब तक प्रदान किए जाने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ङ) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी है। उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत उतरौला-पचपेरवा-चंदनपुर खंड, एक प्रमुख जिला सड़क (एमडीआर) है।

सरकार को उत्तर प्रदेश सरकार सहित विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) से प्रमुख जिला सड़कों (एमडीआर) सहित राज्य सड़कों, को राष्ट्रीय राजमार्ग के रुप में घोषित करने/उन्नयन करने के प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं। संपर्कता की आवश्यकता और प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर सरकार समय-समय पर कुछ राज्य सड़कों, जिनमें एमडीआर भी शामिल हैं, को राष्ट्रीय राजमार्ग के रुप में घोषित करने पर विचार करती है।

****